भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.), वाराणसी।

हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 16-30, 2022)

1. **हिन्दी पखवाड़ा का उद~घाटन:**

   राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए इस वर्ष देश के सभी कार्यालयों के हिन्दी पखवाड़ा/दिवस का शुभारंभ माननीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सूरत (गुजरात) से हुआ। अन्य प्रतियोगिताएं /कार्यक्रम एवं मुख्य समारोह अपने अपने संस्थान में आयोजित किए जाने थे। जिसके अंतर्गत निम्नलिखित प्रतियोगिताएं/कार्यक्रम आयोजित किये गए।

2. **हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी:**

   दिनांक 16.09.2022 को संस्थान के श्रीनिवास देशपांडे ग्रंथालय में हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी संस्थान के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुई।

3. **हिन्दी टिप्पण लेखन, पत्राचार एवं शब्द-ज्ञान प्रतियोगिता:**

   दिनांक 19.09.2022 को हिन्दी टिप्पण लेखन, पत्राचार एवं शब्द-ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया, जिसमें कुल 14 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिए।

4. **हिन्दी निबंध, कहानी व व्यंग्य लेखन प्रतियोगिता :**

   संस्थान में **दिनांक 15.09.2022 से दिनांक 21.09.2022 के मध्य** ऑनलाइन माध्यम से हिन्दी निबंध, कहानी व व्यंग्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में किया गया- अध्यापक वर्ग, विद्यार्थी वर्ग एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग।

5. **यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता:**

दिनांक 21.09.2022 को संस्थान के प्रथम वर्ष संगणक प्रयोगशाला, यांत्रिक अभियांत्रिक विभाग में यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 15 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिए।

6. हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता:

दिनांक 23.09.2022 को संस्थान के एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गैर-शैक्षणिक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को मिलाकर कुल 14 लोग सम्मिलित हुए।

7. हिन्दी काव्य गोष्ठी का आयोजन:

दिनांक 26.09.2022 को हिन्दी काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कवि आचार्य वशिष्ठ द्विवेदी (अनूप वशिष्ठ), हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय थे। काव्य गोष्ठी का संचालन आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी ने की। डॉ. अनीता मोहन, आचार्य संजय कुमार पांडेय, आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, सहायक आचार्य अनूप, श्री नवनीत कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक, श्री शशांक पाठक, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, शोध छात्र तथा विद्यार्थियों ने अपने अपने स्वरचित काव्य रचनाएं प्रस्तुत किए।

8. मुख्य समारोह:

संस्थान में आज दिनांक 30 सितंबर, 2022 को मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उक्त सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।